मुख्यमंत्री ने यमुनानगर में मुकंद लाल ज़िला नागरिक अस्पताल सहित 17 ज़िलों में 46 स्वास्थ्य संस्थानों का किया उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

11 मई, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राज्य के यमुनानगर ज़िले में 275 बिस्तरों वाले मुकंद लाल ज़िला नागरिक अस्पताल सहित 17 ज़िलों में 46 स्वास्थ्य संस्थानों का उद्घाटन किया, जिन पर लगभग 232 करोड़ रुपए की लागत आई है।

प्रमुख बिंदु

- यमुनानगर में उद्घाटन किये गए मुकंद लाल ज़िला नागरिक अस्पताल पर लगभग 100 करोड़ रुपए की लागत आई है। प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिये इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने की दिशा में यह कदम निश्चित तौर पर अहम है।
- इसके अलावा भिवानी, करनाल, फतेहाबाद, रोहतक, कैथल, फरीदाबाद, पलवल, सिरसा, पंचकूला, नूहं, चरखी दादरी, जींद, यमुनानगर, हिसार, गुरुग्राम, नारनौल और कुरुक्षेत्र में 46 स्वास्थ्य संस्थानों का उद्घाटन किया गया है। इनमें 1 ज़िला सिविल अस्पताल, 2 उप मंडल सिविल अस्पताल, 3 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 1 शहरी स्वास्थ्य केंद्र, 1 मातृ एवं शिशु अस्पताल, 8 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 15 स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र और 15 उप स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पंचकूला में भी एक नया मेडिकल कॉलेज तथा एक आयुर्वेदिक कॉलेज बनाने की घोषणा की।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि पोम्प रोग, डचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (डीएमडी) व स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) इत्यादि 55 दुर्लभ बीमारियों से ग्रसित मरीजों को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इन मरीजों को 2750 रुपए प्रति माह पेंशन दी जाएगी।
- विदित है कि अभी तक सरकार की ओर से थैलेसीमिया, हीमोफीलिया, कैंसर स्टेज-3 एवं 4 के मरीजों को पेंशन प्रदान की जाती है। अब 55 दुर्लभ बीमारियों को भी इस सूची में जोड़ दिया गया है और इस आर्थिक सहायता हेतु सरकार ने 25 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया है।
- ज्ञातव्य है कि प्रदेश में थैलेसीमिया व हीमोफीलिया बीमारी से ग्रसित 3 हज़ार मरीज, कैंसर स्टेज-3 एवं 4 के 4 हज़ार मरीज और 55 दुर्लभ बीमारियों के लगभग 1 हज़ार मरीज हैं, जिन्हें सरकार की ओर से पेंशन स्वरूप आर्थिक मदद दी जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-46-health-institutions-in-17-districts-including-mukand-lal-district-civil-hospital-in-yamunanagar